## राजस्थान सरकार
## निदेशालय कोष एवं लेखा, राजस्थान जयपुर
"वित्त भवन" जनपथ, जयपुर– 302015
(दूरभाष 0141–2740735, फैक्स 0141– 2742309, ई–मेल jdp1-ta-rj@nic.in)

क्रमांकः– एफ.3(ख)(1)पदौन्नति / 2010–11 / अलेसे– ।। / 51 दिनांकः– 13-04-2017

### आदेश संख्या 62 / 2016–17

राजस्थान अधीनस्थ लेखा सेवा नियम 1963 के नियम 29(2ए) के अन्तर्गत गठित विभागीय पदोन्नति समिति (डीपीसी वर्ष 2010–11) की सिफारिशों के आधार पर श्री नेतराम शेर, कनिष्ठ लेखाकार (मेरिट सं. 358 / 90) जन्म तिथि 28 नवम्बर, 1967 जिनका चयन उक्त नियमों के अन्तर्गत लेखाकार के रिक्त पद पर वरिष्ठता एवं योग्यता के आधार पर किया गया था, किन्तु इनके विरूद्ध सीसीए 16 नियम के तहत जाँच लम्बित होने के कारण इनके पदोन्नति आदेश जारी नहीं किये गये थे।

इनके विरूद्ध कार्मिक (क–3) विभाग में सीसीए नियम 16 के अंतर्गत विचाराधीन प्रकरण को श्री नेतराम शेर का आकस्मिक निधन दिनांक 30.05.2016 को हो जाने के कारण कार्मिक (क–3 / जांच) विभाग के आदेश क्रमांक प.1 (142) कार्मिक (क–3) / 2010 दिनांक 27.07.2016 द्वारा प्रकरण समाप्त कर दिये जाने के कारण इनकी पदोन्नति की जाकर सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II पद की वेतन श्रृंखला 9300–34800 (पे बैण्ड –2), ग्रेड पे–4200 / – में स्थानापन्न रूप से नियुक्त किया जाता है। श्री नेतराम शेर की वरिष्ठता श्री प्रेमचंद रेगर (मेरिट नं. 357 / 90) एवं श्री वीरेन्द्र कुमार मेहरा (मेरिट नं. 361 / 90) के मध्य निर्धारित की जावेगी।

स्वः श्री नेतराम शेर को सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II के पद पर चयनित वर्ष की अन्तिम तिथि से मृत्यु तक पदोन्नति पद की वेतन श्रृंखला में वेतन निर्धारण का केवल काल्पनिक लाभ ही देय होगा।

(पंकज पाटनी)
निदेशक

क्रमांकः– एफ.3(ख)(1)पदौन्नति / 2010–11 / अलेसे– ।। / 51 दिनांकः– 13-04-2017

**प्रतिलिपि** निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. तहसीलदार, राजस्व विभाग, बानसूर, अलवर।
2. कोषाधिकारी, कोष कार्यालय, अलवर।
3. संयुक्त निदेशक, कार्मिक–III, कार्यालय हाजा को प्रेषित कर लेख है कि उपरोक्त कनिष्ठ लेखाकार की निजी पत्रावलियॉ पूर्ण करवाकर इस अनुभाग को भिजवाने का श्रम करावें।
4. उपनिदेशक (एसीपी) कम्प्यूटर अनुभाग को वेबसाइट पर अपलोड करने तथा पीआईएस रिकार्ड संधारण हेतु।
5. आश्रित सरिता देवी पत्नि स्वः श्री नेतराम शेर, कनिष्ठ लेखाकार (मेरिट सं. 358 / 90, लिंक नं. 2534) कार्यालय ग्राम एवं पोस्ट कराणा वाया नारायणपुर, तहसील बानसूर, (जिला अलवर) पिन कोड 301024
6. डीपीसी अनुभाग / गोपनीय अनुभाग
7. अतिरिक्त निजी सचिव, निदेशक महोदय।
8. निजी पंजिका / आदेश पंजिका।
9. उप निदेशक ACP.

(हेमलता कुमारी)
अतिरिक्त निदेशक (कार्मिक–II)

E:\sas-ii\KHANNA JI